**JALAUN POLICE**

**दिनांक – 18.07.2026**

**साइबर क्राइम थाना टीम जनपद जालौन द्वारा भोले भाले लोगो को विश्वास मे लेकर उनके नाम से खाते खुलवाकर व सिम लेकर लोगो से ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया गया।**

अवगत कराना है कि दिनांक 08.07.2026 को उ0नि0 शिवेन्द्र सिंह परमार द्वारा प्रतिबिम्ब पोर्टल पर प्राप्त संदिग्ध मो0न0 के आधार पर मु0अ0सं0 14/2026 धारा 318(4)/112(2) BNS व 66C व 66D सूचना प्रोद्यौगिकी (संशोधित) अधिनियम 2008 साइबर थाना उरई जनपद जालौन में नामजद अभियुक्त दीपेन्द्र कुमार पुत्र मान सिंह नि0 मानपुर थाना सिरसाकलार जनपद जालौन के विरुद्ध पंजीकृत कराया था।

अपर पुलिस महानिदेशक महोदया, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक महोदय, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल पर्यवेक्षण व अपर पुलिस अधीक्षक जालौन के नेतृत्व में 02 टीमो का गठन किया गया था विवेचना के दौरान 06 अभियुक्त प्रकाश में आये थे। दिनांक 18.07.26 को अभियुक्त दीपेन्द्र कुमार को इकलाश पुरा चौराहा उरई के पास गिरफ्तार किया गया जिसके पास से घटना में प्रयुक्त दो अदद की-पेड मोबाइल व एक अदद सिम बरामद किये गये।

अभियुक्तगण द्वारा गिरोह बनाकर संगठित अपराध करते हुये लोगों को विश्वास में लेकर उनके खाते खुलवा कर व उनके नाम से सिम निकलवाकर जनता के लोगों से जरिये टेलीफोन ठगी करना प्रकाश में आया है। घटना में प्रयुक्त 12 सिम नम्बर को NCRP पोर्टल पर सर्च किया गया तो पाया गया कि NCRP पोर्टल पर 24 ऑनलाइन शिकायते विभिन्न राज्यों जैसे बिहार व अन्य राज्यों में दर्ज हैं।

## पूछतांछ का विवरण-

अभियुक्त द्वारा बताया गया कि हम लोग बिहार पुलिस के थानों पर पंजीकृत मुकदमों की कॉपी उनकी वेबसाइट स्टेट क्राइम ब्यूरो बिहार से डाउनलॉड करके मुकदमा लिखवाने वाले व्यक्ति के मोबाइल नम्बर पर पुलिस अधिकारी बनकर बात करते थे तथा उनका केस निपटाने के लिए उनसे अपने बताये हुए खातों में ऑनलाइन पैसे विश्वास में लेकर डलवा लेते थे। हमारे गिरोह में कई सदस्य है जिसमें सभी का अलग अलग काम है।

## गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1. दीपेन्द्र पुत्र मान सिंह नि0 मानपुर थाना सिरसाकलार जनपद जालौन

अभियुक्तगण के अपराधिक इतिहास की जानकारी आस-पास के थानो व सीमावर्ती जनपदों एवं राज्यों से की जा रही है।

## बरामदगी का विवरण-

1. 02 अदद मोबाइल मय सिम

## गिरफ्तार करने वाली टीम –

1. प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना मय टीम।